मेवलाराम — लैण्ड होल्डर
136 L.R.A.

3

नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए	हुकम या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	30-8-16 पत्रावली पेश हुई/तलबीत ~~पक्षों/प्रार्थी~~ ~~अभिलेख/रिपोर्ट~~ ~~गयी/अपील/उप~~ उपस्थित है/~~अनुपस्थित~~ श्रीमान् पीठासीन अधिकारी ~~.... पर है/अन्य~~ ~~कार्यों में व्यस्त है/... ... से गया है।~~ अतः पत्रावली पूर्णतया .... दिनांक 8-9-16 को पेश हो। (हस्ताक्षर)	
	8-9-16 पत्रावली पेश हुई। तहसीलदार वजीरपुर से रिपोर्ट अप्राप्त। स्मरण पत्र जारी किया जाकर रिपोर्ट चाही जावे। पत्रावली दि० 22-9-16 को पेश हो। (हस्ताक्षर)	
	22-9-16 ~~कक्ष~~ पत्रावली पेश हुई। तहसीलदार वजीरपुर से रिपोर्ट अप्राप्त। रिपोर्ट चाही जाकर पत्रावली दि० 3-10-16 को पेश हो। (हस्ताक्षर)	
	3-10-16 पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी मेवलाराम उप० है। प्रार्थी को सुना गया। पत्रावली पर उपलब्ध अभिलेख व तहसीलदार वजीरपुर की रिपोर्ट का अवलोकन किया गया। प्रस्तुत अभिलेख व तहसीलदार वजीरपुर की रिपोर्ट के अनुसार प्रार्थी का प्रा० पत्र स्वीकार किया जाकर राजस्व रेकार्ड में प्रार्थी का नाम मेवलाराम दर्ज करने का आदेश दिया जाता है। विस्तृत निर्णय पृथक से लिखा जाकर पत्रावली में शामिल किया गया। पत्रावली फैसलशुमार होकर नम्बर से कम हो एवं बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। (हस्ताक्षर)	

निर्णय न्यायालय श्री सुखदेव यादव, आर०ए०एस०, उप जिला कलेक्टर एवं उप जिला मजिस्ट्रेट गंगापुर सिटी जिला सवाई माधोपुर

मुकदमा नम्बर	तारीख रजू	तारीख निर्णय
[illegible]/2016	16.2.2016	3.10.2016

मेवलाराम पुत्र रामसहाय जाति मीना नि0 उदेईखुर्द तहसील वजीरपुर——प्रार्थी

बनाम

[illegible] जरिए तहसीलदार तहसील वजीरपुर ——अप्रार्थी

प्रार्थना पत्र इन्द्राज दुरुस्ती अन्तर्गत धारा 136 लैण्ड रेवेन्यु एक्ट

उपस्थित :– श्री मेवलाराम मीना, प्रार्थी

निर्णय

प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र बाबत राजस्व रिकार्ड में नाम दुरूस्ती इस आशय का पेश किया है कि राजस्व रिकार्ड में प्रार्थी का नाम मेहल्या पुत्र रामसहाय मीना दर्ज है जबकि प्रार्थी के अन्य सभी दस्तावेज में मेरा नाम मेवलाराम मीना पुत्र रामसहाय दर्ज है। अतः प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन है कि राजस्व रिकार्ड में प्रार्थी का सही नाम मेहल्या मीना की जगह मेवलाराम मीना करवाने हेतु आदेश प्रदान करने का कष्ट करें।

प्रार्थना पत्र के साथ प्रार्थी ने फोटोकोपी अंकतालिका माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सैकेण्डरी स्कूल परीक्षा वर्ष 1985, फोटोकोपी आधार कार्ड, फोटोकोपी मूल निवास प्रमाण पत्र, फोटोकोपी जाति प्रमाण पत्र, फोटोकोपी नकल जमाबंदी सं0 2068 से 2071, फोटोकोपी राशनकार्ड आदि पेश किए हैं।

प्रार्थी के प्रार्थना पत्र पर तहसीलदार वजीरपुर से रिपोर्ट ली गई। तहसीलदार वजीरपुर ने अपनी रिपोर्ट में अंकित किया है कि पटवारी हलका से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार ग्राम उदेईखुर्द अ में जमाबंदी सं0 2068 से 2071 के खाता संख्या 266, 267, 349 व 249 एवं जमाबंदी सं0 2072 से 2075 ग्राम उदेईखुर्द ब के खाता संख्या 281 में मेहल्या पि0 रामसहाय मीना दर्ज है। प्रार्थी का नाम राशनकार्ड, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान की अंक तालिका में मेवलाराम पुत्र रामसहाय मीना दर्ज है। प्रार्थी अपना नाम राजस्व रिकार्ड में मेहल्या पि0 रामसहाय मीना के स्थान पर मेवलाराम पुत्र रामसहाय दर्ज कराना चाहता है। मेवलाराम मीना व मेहल्या एक ही व्यक्ति है।

तहसीलदार वजीरपुर से प्राप्त रिपोर्ट पर प्रार्थी को सुना गया। प्रार्थी ने उसका नाम मेवलाराम मीना होना बताया है । पत्रावली पर उपलब्ध अभिलेख के अनुसार भी प्रार्थी का सही नाम मेवलाराम मीना है। फलस्वरूप प्रार्थी राजस्व अभिलेख में दर्ज उसका नाम मेहल्या, मेवल्या के स्थान पर मेवलाराम दर्ज कराने का अधिकारी है।

उप जिला कलेक्टर
गंगापुर सिटी (स०मा०).

5

मेवलाराम बनाम लैण्ड होल्डर, प्रा0पत्र 136 लै0रे0ए0

(2)

आदेश

अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर ग्राम उदेईखुर्द अ की जमाबंदी सं0 2072–2075 खाता संख्या 249, 266, 349 में दर्ज नाम मेहल्या, खाता संख्या 267 में दर्ज नाम मेवल्या, ग्राम उदेईखुर्द ब की जमाबंदी सं0 2072 से 2075 खाता संख्या 281 में दर्ज नाम मेहल्या के स्थान पर मेवलाराम दर्ज करने का आदेश दिया जाता है। इन खातो में दर्ज शेष प्रविष्टियां यथावत रहेंगी। इसी अनुसार राजस्व अभिलेख में इन्द्राज दुरूस्ती की जावे। आदेश की पालना हेतु आदेश की एक प्रति तहसीलदार वजीरपुर को भिजवाई जावे ।

पत्रावली फैसलशुमार होकर नम्बर से कम हो एवं बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो ।

निर्णय आज दिनांक 3.10.2016 को खुले न्यायालय में सुनाया गया ।

(मुनिदेव यादव)
उप जिला कलेक्टर
गंगापुर सिटी

उप जिला कलेक्टर
गंगापुर सिटी (स०मा०)